तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 जून 2025

12 विश्व पर्यावरण दिवस आज मनाएंगे ठेकवाडीह में पौधारोपण...

11 कलेक्टर ने शिकारीपारा वृद्धाश्रम के बीमारों ...




## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली और दिया संदेश



**गुण्डरदेही।** स्थानीय साहू सदन गुण्डरदेही में युवा व्यक्तित्व निर्माण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जहां तीसरे दिन मंगलवार को नगर मे नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चो से लेकर बड़ों को नशा न करने एवं व्यसन से मुक्त करने एवं सभी को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। उक्त रैली मे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन भी शामिल हुए, जहां उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे सभी नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक कल होगी

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 जून को सुबह 12 बजे किया जा रहा है। अध्यक्ष डॉ. आरएम. चावड़ा ने बताया उक्त बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी साथ ही पेंशनरों के महगाई भत्ते प्रदान किये आदेश की जानकारी दी जाएगी, इसलिए सभी पेंशनर साथी अधिक संख्या में उपस्थित होकर मासिक बैठक में दी जाने वाली जानकारी का लाभ लें।

### ग्राम सनौद के जुम्मन की थाने जाते समय हुई संदिग्ध मौत

**गुरूर।** ग्राम बासीन निवासी जुम्मन निशाद का पुलिस थाना सनौद जाने के वक्त रास्ते मे ही संदेहास्पद मौत हो गया जिसके बाद क्षेत्र मे मार्ग मे अचानक व्यक्ति की मौत के बारे मे आम चर्चा तेज है। जानकारी के अनुसार ग्राम बासीन निवासी जुम्मन निशाद का ग्राम के ही एक व्यक्ति के साथ झुमा झपटी हुआ था जिसके बाद पुलिस थाना सनौद द्वारा उसे घायल अवस्था मे स्वास्थ केन्द्र मे भर्ती कराया गया था, जिसके बाद जुम्मन निशाद का अस्पताल से छुट्टी होकर अपने घर चले गए थे जहां से वे फिर पुलिस थाना सनौद आ रहे थे लेकिन इसी बीच ग्राम बासीन से सनौद पुलिस थाना जाने के लिए निकले जुम्मन निशाद बीच रास्ते मे ही ग्राम गंगोरीपार के पास अचानक सड़क पर गिर गए जिसके बाद आस पास के लोगो द्वारा उन्हे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अस्पताल पहुंचने के बाद परिजनो को डॉक्टर द्वारा जानकारी दी गई की उनका निधन हो गया है। जिसके बाद पुलिस थाना सनौद द्वारा मर्ग कायम कर तथा शव का पोस्टमार्डम कराकर शव को परिजनो को सौप दिया गया। जुम्मन निशाद के मौत का कारण क्या है इसकी जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से सायकिल चालक की मौत

**गुरूर।** ग्राम पलारी निवासी सायकल सवार 35 वर्शीय एक व्यक्ति का काम से वापस अपने घर जाते समय अज्ञात वाहन द्वारा सनौद के पास ठोकर मार देने के कारण मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पलारी निवासी तरूण कुमार साहू 35 वर्श अपने काम से लौटकर साईकिल के माध्यम से घर जा रहा था, इसी दौरान सनौद के मण्डल ढाबा के पास साईकिल सवार तरूण कुमार साहू को किसी अज्ञात वाहन द्वारा पीछे से ठोकर मार दी, जिसके कारण सायकिल सवार तरूण कुमार तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से सड़क से दूर जा गिरा जिसके बाद आस पास के लोगो द्वारा उन्हे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका ईलाज के दौरान मौत हो गई। वही पुलिस मर्ग कायम कर शव का पोष्टमार्डम कर परिजनो को शव सौप दिया गया है तथा मामले की जांच ▶▶ शेष पेज 11 पर

# 60 प्लस टीकम ने भंसुली में 200 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

पौधारोपण का जब जुनून सन् 2021 में सवार हुआ तब समीपस्थ ग्राम भंसुली निवासी 60 प्लस उम्र में दाऊ टीकम चंद्राकर खेती को रेगहा अधिया दे के कर अपने आप को खेती किसानी से मुक्त करते हुए पर्यावरण मित्र बनकर मुक्तिधाम डबरी पार चारागाह नहर पार पीपल, बरगद, बेलो, नीम, आम, करण, आंवला, चिराई जाम आदि स्थानों पर करीब 200 वृक्ष का रोपण अपने हाथों से करते हुए उनका पालन पोषण करने अल सुबह प्रतिदिन चक्कर लगाते है। दुर्ग धमतरी रोड में दाऊ टीकम बड़े सुबह सीधे साधे सरल भाव के साथ वृक्षो के आस पास देखे जा सकते है। बुधवार को दाऊ टीकम चंद्राकर ने 5 साल पहले स्वयं के द्वारा रोपित वृक्ष के नीचे खड़े होकर बताए कि 2021 में रोपित पीपल अब इतना बड़ा हो गया है कि ज्यादा देख रेख की जरूरत नहीं पड़ती। अब छोटे वृक्षो की ओर वे ज्यादा देख रेख में लगे रहते है।

**वृक्षारोपण अनवरत जारी है :** दाऊ टीकम चंद्राकर ने बताया कि विगत 5 वर्षों से अनवरत पौधारोपण और संरक्षण जारी है अब तो यह दिनचर्या में शामिल हो गया है। जब कोई भी वृक्ष को किसी प्रकार से क्षति पहुंचती है तो दिल दुखी हो जाता है मन खिन्न हो जाता है।पर्यावरण मित्र दाऊ टीकम चंद्राकर कहते है कि अब तो पौधारोपण हेतु सलाह मशविरा लेने लोग सतत आते है आमंत्रित भी करते है। बड़ा अच्छा लगता है पर्यावरण में वृद्धि होते देख।

## मुक्तिधाम डबरी और चारागाह नहर पार को किया गुलजार

### प्रचार में रुचि नहीं

दाऊ टीकम कहते है कि जो लोग पौधारोपण कर रहे माता पिता की तरह उसकी देख भाल भी करे, केवल पौधारोपण करते समय फोटो खिंचवाकर वाहवाही लूटने की नीयत कतई अच्छी नहीं है। ऐसे करने वाले पर्यावरण का मजाक उड़ाते है जिसे प्र—ति कभी।भी नहीं करती किसी ना किसी रूप उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ता है।उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में वृक्ष लगाते हुए खिंचाए गए फोटो वाले कितने लोग कितना वृक्ष बचा पाए। चिंतन करे।अपने आप को धोखा ना दे।



### एक आदमी एक पौधा लगाए तो 140 करोड़ पौधे लग जाएंगे

दाऊ टीकम चंद्राकर कहते है भारत का पर्यावरण ठीक करने एक आदमी एक वृक्ष लगाने की ठान ले एक दिन में 140 करोड़ वृक्ष लग जाएगी भारत मां पर्यावरण से आच्छादित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि माता पिता की भांति वृक्ष का देख भाल करे।तो वृक्ष को काटने वाला भी नजर नहीं आएगा। पर्याप्त संरक्षण के अभाव में ही वृक्ष काटे जा रहे ।किसी को कोई दर्द नहीं है चंद पैसे के आने वाली पीढ़ी को विरासत में तड़पने के लायक वातावरण देने की कवायद देखने सुनने को मिलती है।

## कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने पुस्तकालय को निरीक्षण किया कूलर और सुव्यवस्था कायम करने के निर्देश दिए

# जिला ग्रंथालय में प्रतियोगी पुस्तकें और वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद के आमापारा में स्थित जिला ग्रंथालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिला ग्रंथालय के अध्ययन कक्ष, पुस्तकालय आदि सभी कक्षों का निरीक्षण कर जिला ग्रंथालय के व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

- कलेक्टर ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से बातचीत की

कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं जिला ग्रंथालय के प्रभारी को जिला ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े एवं विद्यार्थियों के मांग तथा वर्तमान समय के अनुरूप समुचित मात्र में पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिला ग्रंथालय में वाई—फाई की सुविधा सुनिश्चित कराने तथा वाटर कूलर की व्यवस्था के अलावा जिला ग्रंथालय परिसर के जीर्णोद्धार तथा अन्य जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने अधिकारियों को तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को जिला ग्रंथालय की देख—रेख हेतु जिला मिशन समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन अनुराग त्रिवेदी को तत्काल प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने अनुराग त्रिवेदी को आदेश प्राप्त होने के पश्चात तत्काल कार्यभार ग्रहण कर जिला ग्रंथालय के व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जिला ग्रंथालय के अध्ययन कक्ष में पहुँचकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने पहुँचे विद्यार्थियों से बातचीत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने विद्यार्थियों ▶▶ शेष पेज 11 पर



### नीट, जेईई आदि की पुस्तकों की उपलब्धता की जानकारी ली

उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं जिला ग्रंथालय के प्रभारी को ग्थालय में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित एवं वर्तमान समय के मांग के अनुरूप पुस्तकों की समुचित मात्र में उपलब्धता जिला ग्रंथालय में सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकों के प्रबंध करते समय विद्यार्थियों के मांग को विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जिला ग्रंथालय में पीएससी आदि के अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं तथा नीट, जेईई आदि की पुस्तकों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिला ग्रंथालय में समुचित मात्र में इन पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को जिला ग्रंथालय में सामयिक एवं उपयोगी पुस्तकों की समुचित उपलब्धता हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए।

# लोहा लदा बेकाबू ट्रक पेड़ से टकराया व खेत में घुसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम लाटाबोड़ के पास माइंस का कच्चा लोहा सामग्री भरकर रायपुर से चन्द्रपुर जा रही एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के पांच पेड़ो को ठोकर मारते हुए पास के खेतो मे जा पहुंची। इस दौरान सुबह मार्निग वॉक कर रहे लोग ट्रक की चपेट मे आने से बाल बाल बचे तथा ट्रक मे सवार चालक व परिचालक भी सुरक्षित है जिससे बड़ा सड़क हादसा टल गया।

- मार्निग वॉक पर निकले लोग बाल-बाल बचे

बालोद से दुर्ग मुख्य मार्ग पर लाटाबोड़ और अरौद के बीच एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ो को तोड़ते हुए खेत मे जा घुसी। घटना मंगलवार को सुबह 6 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ट्रक रायपुर से चन्द्रपुर जा रही थी। उसमे माइंस संबंधित कच्चा लोहा सामग्री भरा हुआ था। इस बीच कुछ ग्रामीण मॉनिंग वॉक पर निकले हुए थे। गनीमत उनकी जान बच गई। जो ट्रक से थोड़ी दूर पर थे। वही ट्रक पर सवार ड्राईवर, हेल्पर दोनो सुरक्षित है। लगातार 5 पेड़ो को तोड़ते हुए गलत साइड पर जाते हुए ट्रक अनियंत्रित होकर खेत मे घुस गई। आशंका है कि सुबह तेज रफ्तार मे ओवरटेक करने या झपकी आने के कारण ट्रक अनियंत्रित हो गई और रोड से उतरते हुए खेत मे घुस गई।

नागरिकों की प्यास बुझाने के लिए करना पड़ रहा है संघर्ष

# दल्लीराजहरा में भीषण पेयजल संकट कुएं सूखे, पानी के लिए मची मारा मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर इन दिनों भीषण पेयजल संकट से जूझ रहा है। जहां कभी हर मोहल्ले में कुएं जीवनदायिनी जलधारा थे, वहीं अब वे या तो सूख चुके हैं या पूरी तरह मिटा दिए गए हैं। शहर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी दैनिक जीवनचर्या प्रभावित हो रही है। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बालोद कलेक्टर से मुलाकात कर शहर की प्रमुख समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग किया था। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि दल्लीराजहरा के नागरिकों को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसके लिए ठोस कदम जरूरी हैं। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे जल्द दल्लीराजहरा का निरीक्षण करेंगे और सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा।



### पेयजल के लिए जूझ रहे

यह संकट केवल दल्लीराजहरा तक सीमित नहीं है।आस-पास क्षेत्र की स्थिति भी ऐसे ही बनी हुई है,दल्लीराजहरा में भी ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हो रही है। शहर के पुराने कुएं या तो सूख चुके हैं या उन्हें पाट दिया गया है, जिससे नागरिकों को पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। शहर की जल निकासी व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी हालत खराब है, जिससे नागरिकों को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **प्रशासन से अपेक्षित कदम:** कुएं का पुनरुद्धार: शहर के पुराने कुओं की सफाई और मरम्मत कर उन्हें पुनः उपयोग में लाया जाए। वैकल्पिक जल स्त्रोतों की व्यवस्था: जल संकट से निपटने के लिए टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। दीर्घकालिक समाधान: शहर में जल संरक्षण और पुनर्भरण की योजनाएं लागू की जाएं, जिससे भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। जनजागरूकता अभियान: नागरिकों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए और उन्हें इसमें सहभागी बनाया जाए। दल्लीराजहरा के नागरिकों की प्यास बुझाने के लिए प्रशासन को शीघ्र और ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि यह शहर फिर से जलसंपन्न बन सके।

# मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत चार जगह हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

मुख्यमंत्री छग शासन द्वारा 24 अप्रैल को पंचायतीराज दिवस पर मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभांरभ किया गया है, इस अभियान के तहत जनभागीदारी के साथ भूजल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ग्रामीण में बारिश में व्यर्थ बह जाने वाले पानी को छोटे पहल से कैसे हम लगातार भुमिगत जल स्तर कमी को रोकने का प्रयास कर सकते है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण अपनी सहभागिता दे सकते है।

महाअभियान ग्रामीण में जागरूकता फैलाने के लिए जनपद पंचायत गुरूर के 77 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम संगठन समिति, जनप्रतिनिधियो एवं जल वाहिनी का 04 अलग—अलग कलस्टर में कार्यशाला का आयोजन जाना है। कार्यशाला में प्रथम और द्वितीय कलस्टर के 37 ग्राम पंचायत के 185 प्रशिक्षार्थियो को शासन द्वारा प्राप्त मार्गदर्शिका का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यशाला 06 जून 2025 तक चलेगी। प्रशिक्षण की शुरूवात मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे द्वारा सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं अन्य सभी को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ ग्रहण करते हुए किया गया।



प्रशिक्षण में अति. सीईओ आरएल. सिरमौर, एनके. बागडें, मास्टर ट्रेनर मनरेगा अधिकारी प्रतिज्ञा चंद्राकर, तकनीकी सहायक संजीव कुमार एवं पीआरपी बिहान उपस्थित थे।

## विश्व योग दिवस 21 को मनाया जाएगा, योग प्रेमियों की बैठक में विचार-विमर्श

# पंच तत्व की काया को योग जोड़ें तो रोम-रोम में आएगा निखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

विश्व योग दिवस 21 जून के तारतम्य जामगांव आर में योग प्रेमियों की बैठक बुधवार को आहुत की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य द्वय डॉ सीएल सोनवानी, आसकरण जैन, समाज कल्याण विभाग अधिकारी आरके ठाकुर, प्राचार्य चेतना ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। अंतराष्ट्रीय योग स्पर्धा में सफल शिष्य देने वाले निःशुल्क गुरु तुलाराम वर्मा, योग मोटीवेटर डॉ गुलाब साहू, रामावतार चंद्राकर, बेनीराम साहू, ढाल सिंह साहू, कनक साहू, पवन साहू, कमलेश यादव, अभिषेक केशव सिंह, मिथलेश, शंभु कुमार, मुकेश कुमार बैठक में भाग लिए। विश्व योग दिवस 21 जून पर योग को जनव्यापी बनाने विचार विमर्श हुआ।

**विरासत में स्वास्थ का खजाना योग संतान को अवश्य दें:** छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन ने कहा कि योग तन को स्वस्थ बनाकर मन को सकारात्मक दिशा देता है और चिंतन के लिए पुष्ट मन अपनी और जन चेतना जगाने में सार्थक जीवन दायनी भूमिका निभाता है। सतत योग करने वालो की कार्य शैली समाज घर परिवार में स्वास्थ का कीर्तिमान स्थापित करती है। जो योग नहीं कर पाने वालों के लिए प्रेरणादाई है। अपना जीवन स्वस्थ मस्त रखने के लिए योग अवश्य अपनाए। जीवन को सार्थक बनाए। आने वाली पीढ़ी को योग का खजाना विरासत में अवश्य दे।

**योग आदर्श जीवन का उपहार देती है:** अंतराष्ट्रीय योग स्पर्धा के लिए निःशुल्क शिष्य तैयार करने वाले 75 वषऍय समाजसेवी योग गुरु तुलाराम वर्मा को मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वर्मा ने कहा कि नियमित अभ्यास से योग व्यक्ति को आदर्श जीवन का उपहार देता है। योग प्रकृति से जोड़ता है जीवन में सकारात्मकता का ▶▶ शेष पेज 11 पर



### योग सेहत के लिए सदैव कारगर

छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ सीएल सोनवानी जामगांव आर में योग प्रशिक्षकों की बुधवार बैठक लेकर आव्हान किया कि संस्कार और विचार के गिरते स्तर को सकारात्मक दिशा देने योग की भूमिका को महती बनाए। उन्होंने कहा कि एक्सीडेंट होने के बाद योग के कारण ही मेरी जिंदगी सवर गई। अस्वस्थ व्यक्ति चिंता करता है लेकिन व्यक्ति स्वस्थ रहे तो वह चिंतन करने लायक बन जाता है। जग जाहिर है योग व्यक्ति को स्वस्थ रखने में महती भूमिका निभाता है। डॉ सोनवानी ने प्रभावी प्रेरणा देते हुए कहा कि योग को संस्कार और विचार क्रांति का जनव्यापी माध्यम बनाने में प्रशिक्षक अपनी भूमिका साबित अवश्य करे। पंच तत्व से बने शरीर को योग से जोड़े रोम रोम निखर जाएगी।

# युक्तियुक्तकरण से सफाई कर्मी व रसोइया प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले मे युक्तियुक्तकरण के तहत चल रहे स्कूली प्रक्रिया मे न सिर्फ शिक्षक इस नियम के तहत प्रभावित हो रहे है बल्कि स्कूलो मे काम करने वाले सफाई कर्मचारी से लेकर बच्चो का खाना बनाने वाले रसोईया भी प्रभावित हो रहे है जिसके तहत शिक्षक एक स्कूल से दूसरे स्कूल तो भेजे जा रहे है लेकिन सफाई कर्मचारी व रसोईयां जो उन स्कूलो मे काम करते थे उनका क्या होगा यह अभी तक स्पष्ट नही हो पाया है।

जिसके तहत इसी मांग को लेकर अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारीयो ने जिला शिक्षा अधिकारी के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर स्वयं बेरोजगार होने की बात कही। जिसके कारण उनके परिवार मे आर्थिक समस्या उत्पन्न हो सकती है। अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी 2011 से कार्य करते आ रहे है। अंशकालीन कर्मचारी अल्प वेतनमान मे भी महत्वपूर्ण कार्य करते ▶▶ शेष पेज 11 पर

# बायो-सीएनजी लगाने 1 रुपए वर्गफीट में मिलेगी अधिकतम 10 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु भूमि आवंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी परिपत्र में विगत दिनों राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि, मंत्रिपरिषद के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि का आवंटन किया जाना है।

बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है। राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर के मान से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है। विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को अधिकतम 25 वर्षों की लीज पर भूमि आवंटित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## भूमि आवंटन के लिए राज्य शासन ने सभी जिलों के कलेक्टरों को जारी किया परिपत्र

### दुर्ग-भिलाई सहित छग में बिछ रही प्राकृतिक गैस पाइप लाइन

छत्तीसगढ़ में कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) पंपों का नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है। रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, कुम्हारी व उतई में सीएनजी पंप अडाणी गैस ने शुरू कर दिए हैं। कोरबा, दुर्ग, भिलाई जैसे अन्य प्रमुख शहरों में भी इसकी बिक्री की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। दूसरी तरफ, परिवहन विभाग में सीएनजी वाहनों के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। इसे भी शुरू किया जाना है।




### जमीन आवंटन के साथ खुलेंगे सीएनजी पंप

सीएनजी पंप विस्तार के लिए अडाणी समूह ने इंडियन ऑयल व बीपीसीएल जैसे सार्वजनिक उपक्रमों से भी समझौता किया है। इनके पंप स्टेशनों में सीएनजी पंप भी शुरू किए जा रहे हैं। वर्तमान में वाहन निर्माता कंपनी विभिन्न फ्यूल पर चलने वाले वाहनों की सूचना प्रदेश के पंजीयन विभाग को देती है, तब वह उसके पंजीयन के लिए होम एलोकेशन जारी होता है। इसके बाद ही पंजीयन हो पाता है। फिलहाल पेट्रोल, डीजल, हाइब्रिड व इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीयन प्रदेश में हो रहा है। आरटीओ पोर्टल पर सीएनजी का विकल्प अब तक नहीं है। राज्य शासन यदि सीएनजी वाहनों के पंजीयन का भी परिपत्र जारी कर देता है तो यह दिक्कत दूर होने की बात कही जा रही है। बता दें कि दुर्ग जिले में कुम्हारी, उतई में सीएनजी पंप शुरू हो चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजन शिविर 10 से 27 जून तक

दुर्ग। दिव्यांगजनों की शारीरिक समस्याओं को कम करने एवं उनकी गतिशीलता में वृध्दि करने के लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार जिले के तीनों विकासखण्डों में 21 प्रकार के दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने तथा नवीनीकरण करने ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण, चिन्हांकन, मूल्यांकन शिविर का आयोजन 10 से 27 जून तक किया जाएगा। उपसंचालक समाज कल्याण अमित सिंह से मिली जानकारी अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग के अंतर्गत 10 जून को ग्राम पंचायत अंजोरा ख, 12 को ग्राम पंचायत नगपुरा एवं 13 जून को ग्राम पंचायत निकुम में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत 18 जून को, ग्राम पंचायत रानीतराई 19 जून को, ग्राम पंचायत बटरेल एवं 20 जून को ग्राम पंचायत जामगांव एम में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत धमधा के अंतर्गत 25 जून को ग्राम पंचायत दारगांव, 26 जून को ग्राम पंचायत लिटिया सेमरिया एवं 27 जून को ग्राम पंचायत मुरमुंदा में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### राज्य शतरंज संघ ने किया मोहंती का स्वागत



दुर्ग। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के पूर्व संयुक्त सचिव एवं अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के आयोजन समिति के सदस्य इंटरनेशनल रेटेड शतरंज खिलाड़ी, फिडे आर्बिटर एवं फिडे इंस्ट्रक्चर रंजन मोहंती के रायपुर प्रवास पर छग आर्बिटर कमीशन के चेयरमेन अंतराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव एवं जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, रायपुर जिला शतरंज संघ के सचिव नवीन शुक्ला, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी, सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। असिस्टेंट डायरेक्टर इनकम टैक्स इन्वेस्टिगेशन बिलासपुर में पदस्थ रंजन मोहंती को छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। राज्य शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने शतरंज को आगे बढ़ाने वलोकप्रिय बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। स्वागत करने वालों में रॉकी देवांगन, रोहित यादव, आशुतोष शर्मा आदि शामिल थे।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 6 जून को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 6 जून को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रिलायंस निप्पोन लाईफ इंश्युरेंस कं लि के 8 पद एवं स्वीग्गी लिमिटेड के 72 पद, कुल 80 रिक्त पदों के लिए भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें डेव्हलपमेंट ऑफिसर के 8, एचआर एक्सक्यूटिव के 2 पद एवं डिलीवरी एक्यूटिव के 70 पद है। उक्त सभी पदों हेतु वेतन 15000 रूपए से 40000 तक है तथा 10वीं, 12वीं एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यता धारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

## नई पहल : हितग्राहियों का अपने घर का सपना होगा साकार, रियायती दर में लाभ

# तीस फीसदी सस्ते दर पर बिकेगा हाउसिंग बोर्ड का 400 मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग


राज्य शासन द्वारा हाउसिंग बोर्ड के मकानों को तीस फीसदी सस्ते दर पर बेचने के फैसले लिया गया है। इस फैसले के बाद हाउसिंग बोर्ड द्वारा आठ साल पहले बने सभी मकानों का रेट निर्धारित कर आनलाइन आबंटन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

अलग खबर

इन मकानों को छूट देकर बेचने पर 28 लाख का मकान अब बीस लाख में मिलेगा, वहीं अन्य मकान के दर भी कम होगें।

इस निर्णय के बाद हाउसिंग बोर्ड अब करीब चार सौ मकान को वन टाइम सेटलमेंट के तहत बचेगी। जानकारी अनुसार हाउसिंग बोर्ड द्वारा आठ साल पहले बनाए गए मकान की अब तक बिक्री नही होने से करीब साठ करोड रूपए जाम हो गया हैं। दुर्ग जिले के तालपुरी, चरोदा हाईट, परसदा कुम्हारी और खारून में बनाए गए करीब चार सौ से अधिक मकान है। जिसके चलते बोर्ड का करीब साठ करोड रूपए जाम हो गया हैं। हाउसिंग बोर्ड द्वारा वर्ष 2017-18 में इन चारों पास इलाको में सैकडों मकान बनाए गए थे। वर्तमान में करीब चार सौ से अधिक मकान की बिक्री नही हो पाई हैं। अधिकारियों ने बताया कि, राज्य शासन को आबंटित नही किए गए मकानों की जानकारी भेजी गई थी। बताया गया कि, इन मकानों को वन टाइम सेटलमेंट के तहत सस्ते दर पर बिक्री आनलाइन प्रक्रिया के तहत किया जाएगा।

## ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत करानी होगी बुकिंग, मिलेगा मालिकाना हक



### मंत्रिमंडल में लिए गए यह निर्णय

राज्य शासन के मंत्रिमंडल द्वारा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के द्वारा निर्मित 5 वर्ष से अधिक समय से नहीं बिके हुए आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों को (**One time settlement**) एकमुश्त निपटान हेतु लागत मूल्य (बेस रेट) से 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत तथा 30 प्रतिशत छूट देकर विक्रय करने का निर्णय लिया गया। हालांकि इसके पहले भी तालपुरी में बनाए गए मकानों को बेचने के लिए वन टाइम सेटलमेंट की स्कीम शुरू की गई थी। इस योजना का लाभ मार्च 2024 तक लागू था। बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ भी उठाया।

### छूट से पहले: 3 से 28 लाख तक के मकान

जानकारी अनुसार तालपुरी में एमआईजी 28.74 लाख व ईडब्ल्यूएस 3.41 लाख के मकान, चरोदा में एलआईजी टू बीएचके 10.66 लाख से 11.68 लाख तक मकान और खारून हाईट्स में एलआईजी टू और थ्री बीएचके प्लैट 23.42 लाख से 33.67 लाख तक वही एमआईजी टू बीएचके प्लैट 20.73 से 26.46 लाख व परसदा कुम्हारी में चार लाख 55 हजार से लेकर 29 लाख तक स्वतंत्र और प्लैट बिक रहे है। यहां परसदा को छोड सभी जगह फ्लैट टाइप के मकान है।

### यहां बिकने को इतने मकान उपलब्ध

जानकारी अनुसार रिहायसी इलाको तालपुरी में 60 मकान जिसकी कीमत 19 करोड, चरोदा हाईट में 70 मकान जिसकी कीमत आठ करोड, परसदा कुम्हारी में 250 मकान जिसकी कीमत 23 करोड और खारून में 39 मकान, जिसकी कीमत 10 करोड है। इनके बनने के बाद अब तक आबंटन नही हो पाया हैं।

### छूट के बाद इतने सस्ते हो जाएंगे मकान

जानकारी अनुसार पुराने मकानों पर तीस फीसदी छूट दिया गया है, जिसमें परसदा, कुम्हारी दुर्ग ईडब्ल्यूएस, एलआईजी फ्लैट व एमआईजी थ्री बीएचके 3.75 लाख और बीस लाख पांच हजार निर्धारित है। वहीं खारून ग्रीन्स, कुम्हारी दुर्ग एमआईजी टू बीएचके पन्द्रह से 24 लाख 38 हजार रूपए, चरोदा हाईट्स टू और थ्री बीएचके 6 लाख 55 हजार और आठ लाख पांच हजार में उपलब्ध है। वहीं तालपुरी भिलाई एमआईजी प्लैट टू बीएचके 20 लाख 72 हजार है। इसके आलावा पाटन में अटल आवास वन बीएचके में दस फीसदी छूट के बाद यह दो लाख 48 हजार में मिलेगा। वहीं जुनवानी भिलाई, कोलिहापुरी और पद्मुनगर भिलाई तीन में व्यवसायिक मकान बेची जा रही है।

# कमिश्नर ने कहा- शिक्षकों का अटैचमेंट करें समाप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने आज संभाग आयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही शासन स्तर के लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक पहल करते रहने के निर्देश दिए। उन्होने कहा अभी कई शिक्षको का अटैंचमेंट किया गया, जिन्हे तत्काल स्कूल भेजे।

■ संभाग आयुक्त ने समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

उन्होंने अधिकारियों से मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु विभागीय कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास मादक पदार्थों की बिक्री पर कड़ी नजर रखने और लोगों में नशा की प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर एनसीसी, एनएसएस एवं स्काऊट गाईड के विद्यार्थियों का नशा के खिलाफ जन-जागरूकता रैली सभी नगरीय निकायों में आयोजित करने कहा। उन्होंने अधिकारियों को नशे के आदी और नशे के हालत में माहौल खराब करने या किसी प्रकार की गड़बड़ होने की संभावना हो तो गोपनीय तौर पर जानकारी उपलब्ध कराने कहा। ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध समय पर कड़ी कार्यवाही किया जा सके।

### दुग्ध समिति गठित करने के निर्देश

संभाग आयुक्त ने संभाग के प्रत्येक पंचायत में प्राथमिक सहकारी समिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिलों में अधिक से अधिक दुग्ध समिति गठित किया जाए। संभाग के 2444 पंचायत में से 1349 पंचायत प्राथमिक सहकारी समितियों से कव्हर कर लिये गये हैं। आयुक्त ने कहा विभिन्न कार्यालयों में शिक्षकों को अटैच किए जाने पर चिंता जाहिर करते हुए उक्त शिक्षकों की सेवाए संबंधित शालाओं में सौपने तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया। यदि शिक्षक शाला में नहीं लौटते तो कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाएगा।

# किसानों की समस्याओं का कृषि रथ के माध्यम से किया जा रहा समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विकसित कृषि संकल्प यात्रा के अंतर्गत कृषि रथ किसानों की समस्या के समाधान के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों, छत्तीसगढ़ शासन के कृषि, पशुपालन एवं उद्यानिकी विभाग के विस्तार अधिकारियों के साथ दुर्ग जिले के विकासखंड पाटन के ग्राम सेलूद और फेकारी में पहुंचा। किसान खरीफ की खाद और बीज की तैयारी में जुटे हुए थे, कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के बीच पहुंचकर उन्नत तकनीक की जानकारी के साथ, धान में करगा, धान सोमना बन, पेनीकल माइट किट, धान में काई की समस्या, धान में कंसे के समय में पौधे का लाल होना जैसी कई समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में सेलूद के सरपंच अखिलेश मारकंडे, फेकारी के जनपद सदस्य राम सुमेर छेदइया, सरपंच योगेंद्र साहू, समिति अध्यक्ष पारखत सिंह साहू एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सेलूद में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ एसएस टुटेजा ने भी शिरकत की और कृषकों की समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ विजय जैन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 100 से अधिक किसानों ने सहभागिता ली। क्रृषि विभाग पाटन से मुकेश मंडरिया, ममता बंजारे एवं अन्य क्रृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे।

■ कृषि रथ पहुंचा सेलूद एवं फेकारी

# महापौर ने तकियापारा वार्ड का जाना हाल, वार्डवासियों से की चर्चा

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा नगर निगम के तकनीकि अमला के साथ नाली, नाला साफ-सफाई कार्य देखने वार्ड नं 8 पहुँचे। उन्होंने तकियापारा में पैदल भ्रमण कर लोगों से रूबरू हो सफाई, नाली सफाई एवं पानी के संबंध में वार्डवासियों से चर्चा किए। उन्होंने तकियापारा के लुचकी तालाब क्षेत्र, इमाम चौक, बम पारा के अलावा चुना लाइन, नवाब मार्ग सहित अशरफ नगर क्षेत्र में घुमकर लोगों से चर्चा कर कहा कि आगामी बारिश के मौसम में वर्षा जनित बीमारी से बचने साफ सफाई रखें। अपने आस-पास पानी जमाव की स्थिति निर्मित न होने दें। नाली और सड़कों में कचरा न डालें, डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही कचरा डाले। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा नाली नालो की सफाई कराई जा रही है, इसमें सहयोग करें और नाली में मलमा आदि न डाले। पार्षद श्री रिजवी के तकियापारा में पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग पर संबंधित उप अभियंता को प्रक्रिया करने कहा। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता मोहित भरकाम, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, प्रकाश अहीर, गौतम साहू, रामलाल भट्ट, मनोहर शिंदे व सहित निगम का अमला उपस्थित थे।



# स्वच्छता दीदियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ, कहा- निरन्तर चलाएंगे अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को दुर्ग नगर निगम द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वच्छता दीदियों ने शपथ ग्रहण कर वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम में शामिल होकर शपथ ली। महापौर अलका बाघमार ने कहा विश्व पर्यावरण दिवस हर साल पांच जून को मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। यह एक महत्वपूर्ण दिन है जो दुनिया भर के लोगों को पर्यावरण के मुद्दों के बारे में सोचने और कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करता है। पर्यावरण विभाग प्रभारी काशी राम कोसरे ने बताया कि दुर्ग नगर पालिक निगम ने इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छता दीदियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से लोगों को पर्यावरण को बचाने और संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध किया गया। नगर निगम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया, ताकि पर्यावरण को हरा-भरा किया जा सके। पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से दुर्ग नगर पालिका निगम ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उसे बचाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया।

■ पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुक करने का संकल्प




# दो वर्ष बाद भी नहीं हटाया गया पुल से बोल्डर और पत्थर, होगी परेशानी

दुर्ग। मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित महात्वाकांक्षी योजना समाधान शिविर के उद्देश्यों को सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी बेखौफ ठेंगा दिखा रहे हैं, जिससे सरकार की किरकिरी तो हो ही रही है साथ ही साथ जनता को अपनी समस्याओं से निजात भी नहीं मिल पा रहा है। इसका एक ज्वलंत उदाहरण बोरसी-हनोदा मार्ग पर बना पुल है। रिसाली से होकर पुलगांव की ओर जाने वाले नाले पर उक्त पुल को बने लगभग 2 वर्ष बीत गया है। निर्माण के दौरान खोदी गई मिट्टी और सीमेंट के बड़े-बड़े बोल्डर को ठेकेदार द्वारा नाले में ही छोड़ दिया गया है। परिणाम स्वरुप विगत बरसात में नाले का पानी ओवरफ्लो हो गया था। इस वर्ष भी मानसून सर पर है और विभिन्न जिम्मेदार अधिकारियों व शिविरों में नागरिकों द्वारा उक्त समस्या उठाने के बाद भी अधिकारी अनसुना किए बैठे हैं। परिणाम स्वरुप पुनः बारिश में नागरिकों को इस समस्या से जूझना होगा। नागरिकों ने समाधान शिविर के माध्यम से भी शासन का ध्यान आकर्षित किया है। समाधान ना होते देख नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है।

■ समाधान शिविर के आवेदन को ठेंगा दिखा रहे



## तैयारियों में जुटा माहेश्वरी समाज, होंगे विविध सेवा कार्य

# महेश नवमीं पर निकलेगी प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

माहेश्वरी समाज प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ सुदी नवमीं को अपने वंश समाज का उत्तपत्ति दिवस महेश नवमीं को महोत्सव के रूप में मनाता है। इस वर्ष महेश नवमीं 4 जून को मनाई जाएगी। माहेश्वरी समाज इस अवसर पर सेवा, स्वास्थ्य, संस्कार व सम्मान के विभिन्न आयोजन करेगा।

■ 72 प्रकार के रक्त टेस्ट किए जाएंगे

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं महेश नवमी महोत्सव संगठन प्रभारी अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य प्रकाश लड्ढा, रायपुर एवं सेवानिवृत न्यायाधीश आरएल झंवर रायपुर होंगे। प्रभारी एवं विशेष अतिथि महिला संगठन से मधु सोमानी, दुर्ग व युवा संगठन से प्रचार प्रसार संयोजक, छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन सतीश चाण्डक सुकमा होंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक माहेश्वरी घरों में वितरित करने हेतु महेश ध्वज उपलब्ध करवाया गया है। इस कड़ी में दुर्ग शहर के माहेश्वरी परिवार भी हर वर्ष की तरह महेश नवमी के अवसर पर अपने घरों में महेश ध्वज बांधकर घर की शोभा बढ़ाएंगे। सुबह 7 बजे रक्त परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। सुबह खाली पेट रक्त का सैम्पल लिया जाएगा। जिसमें 72 प्रकार के टेस्ट किये जायेंगे। यह शिविर समाज जनों हेतु थायरोकेयर के सहयोग से रियायती दर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता व सतर्कता हेतु आयोजित किया गया है। अध्यक्ष माहेश्वरी पंचायत दुर्ग अशोक राठी, सचिव डॉ शंकर दम्माणी, अध्यक्ष माहेश्वरी महिला मण्डल नीतू गाँधी, सचिव अंजली लाखोटिया एवं अध्यक्ष, माहेश्वरी युवा संगठन निखिल भूतड़ा, सचिव कु वर्तिका गाँधी ने अधिक से अधिक समाज जन को कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है। सभी संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा महेश नवमी के सभी आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

### लगेगा रक्तदान शिविर

शहर में निकलेगी प्रभात फेरी इस दिन सुबह 7:30 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो बाबा रामदेव मंदिर से प्रारम्भ होकर गंजपारा का भ्रमण करते हुए पुनः बाबा मंदिर पहुंचेगा। सुबह 8:30 बजे बाबा मंदिर में अभिषेक एवं आरती होगी। सुबह 10 बजे महेश ध्वजारोहण का कार्यक्रम होगा। सुबह 11 बजे शासकीय अस्पताल दुर्ग में रक्तदान शिविर एवं फल वितरण, गंजपारा में शरबत वितरण का कार्यक्रम होगा। सुबह 11:45 को वृद्धाश्रम पुलगांव में भोजन सेवा होगी। दोपहर 12 बजे सम्मान समारोह का आयोजन होगा। दोपहर 1 से 3 बजे सामूहिक सामाजिक भोज का कार्यक्रम होगा।

## खबर संक्षेप

### मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत की गई कार्यशाला



**बालोद/सिकोसा।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही अंतर्गत डुंडेरा क्लस्टर अंतर्गत कुल 30 ग्राम पंचायत के जनपद सदस्य, सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों का मोर गांव, मोर पानी महाअभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन हेतु जनप्रतिनिधि, समुदाय एवं विभाग का संगम विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें गुड गर्वेनेन्स, महाअभियान अंतर्गत जल सरंक्षण जन जागरूकता अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है। उक्त प्रशिक्षण संगम महिला संकुल स्तरीय संगठन डुंडेरा क्लस्टर में आयोजित की गयी है।

## पेज 9 के शेष

### जिला ग्रंथालय में ...

से जिला ग्रंथालय की व्यवस्था, तैयारी हेतु समुचित मात्र में पाठ्य सामग्रियों की उपलब्धता एवं ग्रंथालय में उन्हें मिलने वाली अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने पुस्तकालय कक्ष में पहुँचकर वहाँ उलपब्ध पुस्तक एवं पत्र–पत्रिकाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने जिला ग्रंथालय के ग्रुप डिस्कशन कक्ष, बैठक एवं कार्यालय कक्ष के अलावा शौचालय आदि का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का पड़ताल किया। इसके अलावा उन्होंने जिला ग्रंथालय के ऊपर मंजिल में स्थित अध्ययन कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया। मिश्रा ने जिला ग्रंथालय की नियमित रूप से बेहतर साफ–सफाई हेतु स्वीपर एवं भृत्य आदि की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने जिला मिशन समन्वयक अनुराग त्रिवेदी को नियमित रूप से जिला ग्रंथालय का निरीक्षण कर जिला ग्रंथालय में सभी व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा अधोसंरचना आदि से जुड़े सभी कार्यों को शीघ्र पूरा कराकर जिला ग्रंथालय के व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

### पंच तत्व की काया ...

संचार करता है। हरिद्वार से प्रशिक्षण प्राप्त योग प्रशिक्षक रामावतार चंद्राकर ने शरीर के कुशल संचालन में योग महती भूमिका निभाता है। योग मर्मज्ञ डॉ गुलाब साहू ने कहा कि योग जीवन को ऊर्जा देता है। ऊर्जावान व्यक्ति की कार्यशैली प्रेरणादाई होती है। संचालन व्यवस्थापक एके जैन आभार अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने किया।

### युक्तियुक्तकरण से ...

है। जैसे विद्यालय एवं बाउड्रीवाल को साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान मे भूमिता निभाते है। विद्यालय मे पानी डालकर पौधो को हरा भरा रखते है। आदि अन्य कार्य किए जाते है। संगठन के पदाधिकारियो ने जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। संगठन के पदाधिकारियो ने कहा है कि शासन युक्तियुक्तकरण के प"चात विद्यालय मे कार्यरत सफाई कर्मचारी को उसी विद्यालय मे काम पर रखा जाए।

### अज्ञात वाहन ...

मे पुलिस जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि तेजरफ्तार वाहन की ठोकर से साईकिल सवार तरूण कुमार साहू के सिर व पैर मे गंभीर चोट आई थी।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति–कले/2025, बिलासपुर, दिनांक 19.05.2025

प्रति, श्री तेजवंत लहरे आत्मज श्री घुरेदास लहरे उम्र-30 वर्ष निवासी वा.क्र. 40 म.न. 804 गुरूघासीदास चौक चिंगराजपारा बिलासपुर थाना सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी संगीता राऊत आत्मजा श्री दशरथ उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सिवनी थाना व तहसील सिवनी जिला बालोद छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 26.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


तेजवंत लहरे


संगीता राऊत

अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

---

**जायजा : वृद्धजनों को फल, बिस्किट आदि खाद्य सामग्री वितरित की गई**

# कलेक्टर ने शिकारीपारा वृद्धाश्रम के बीमारों की व्यवस्था की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद के शिकारी पारा में स्थित वृद्धाश्रम सुखाश्रय एवं गंभीर रूप से बीमार वृद्धजनों के देखरेख स्थल प्रशामक गृह का निरीक्षण कर वहाँ के व्यवस्थाओं का पड़ताल किया।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सुखाश्रय एवं प्रशामक गृह में निवासरत वृद्धजनों से बातचीत कर वहाँ उन्हें मिलने वाली भोजन, नाश्ता, पेयजल, इलाज, साफ–सफाई एवं उनके लिए मनोरंजन की व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने वृद्धजनों के साथ खाट में बैठकर बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा। कलेक्टर मिश्रा ने सुखाश्रय एवं प्रशामक गृह में निवासरत वृद्धजनों को फल, बिस्किट आदि खाद्य सामग्री भी प्रदान की। कलेक्टर ने पारिवारिक सदस्य की भाँति पूरी आत्मीयता एवं अपनापन से वृद्धजनों का हालचाल पूछा। कलेक्टर मिश्रा के मधुर एवं आत्मीय व्यवहार से सुखाश्रय एवं प्रशामक गृह में निवासरत सभी वृद्धजन अभिभूत होकर आत्मीयता का अनुभव कर रहे थे। कलेक्टर के व्यवहार से प्रभावित होकर सुखाश्रय में निवासरत वृद्ध महिला सुखबती बाई ने कलेक्टर मिश्रा को गले लगा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने सुखाश्रय एवं प्रशामक गृह में वृद्धजनों के लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा यहाँ की व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने हेतु त्वरित कार्रवाई करने हेतु समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक को निर्देश भी दिए। मिश्रा ने समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक को वृद्धजनों को 'श्री रामलला दर्शन' योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्र कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक मदद उपलब्ध कराने की बात भी कही। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने सुखाश्रय में पहुँचकर वृद्धजनों से आज उन्हें प्रदान किए गए भोजन, नाश्ता आदि के संबंध में पूछताछ करते हुए भोजन एवं नाश्ते के गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने सुखाश्रय वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के शयन कक्ष, भोजनालय, शौचालय आदि का निरीक्षण कर यहाँ जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। कलेक्टर ने रसोई कक्ष में पहुँचकर वहाँ रखे खाद्य सामग्रियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने तथा शौचालय एवं स्नानागर का नियमित रूप से समुचित साफ–सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा प्रशामक गृह में पहुँचकर बीमार वृद्धजनों से बातचीत की और उन्हें मिलने वाली इलाज आदि सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक एवं प्रशामक गृह के प्रभारी को वृद्धजनों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा इलाज आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक को जिले में संचालित वृद्धाश्रम, प्रशामक गृह आदि को एक ही परिसर में संचालित करने हेतु एक सर्वसुविधा युक्त कम्पोजिट भवन के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि जिले में निवासरत वृद्धजनों को बेहतर सुविधा मिलने के साथ–साथ उन्हें अनुकूल परिवेश एवं वातावरण भी प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि इससे वृद्धजनों के आवश्यकता के अनुरूप सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण भी हो सकेगा। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। इस मौके पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

# ब्यूटी कार्यक्रम में मिसेस गिलेम का ताज अभिनेत्री स्नेहा और परी चंद्राकर के सिर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



02 जून को मिरर सैलून ब्यूटी एकेडमी और आशीष इन्फोटेक एवं श्रीमती परी चंद्राकर द्वारा रोमन पार्क दुर्ग में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें श्रीमती परी चंद्राकर संस्था द्वारा ब्यूटी कार्यक्रम विशाल स्तर में आयोजित किया एवं छत्तीसगढ़ से समस्त ब्यूटी प्रतिभागी आए जिसमें फिल्म उद्योग से सेलिब्रिटी स्नेहा उल्लाल चीफ गेस्ट फिल्म लकी की अभिनेत्री आई थी। कार्यक्रम में आशीष इन्फोटेक विशेष सहयोगी के रूप में तथा अन्य संस्था द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया था। श्रीमती अनीता सिंह कमला हॉस्पिटल मानपुर चौक राजहरा व प्राचार्य शास उच्च माध्य विद्यालय कोटेरा जिला बालोद छत्तीसगढ़ को गिलेम छत्तीसगढ़ भारत 2025 विनर टाइटल मिसेस गिलेम का ताज अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल एवं परी चंद्राकर द्वारा पहनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती अनीता सिंह ने बताया कि बहुत गर्व की बात है कि बचपन में शाला से महाविद्यालय तक समस्त कार्यक्रम में प्रतिभागी रहती थी खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सहभागिता रही, मुझे आगे पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों में पापा स्व श्री रतनलाल सिंह हमेशा प्रेरित करते रहे आज उनके कारण मैं इन ऊंचाइयों पर पहुंची हूं, उनको धन्यवाद देना चाहती हूं आज जो कुछ भी बनी अपने पापा के द्वारा प्रेषित करने के कारण। उन्होंने कभी भी लड़के और लड़की में कोई भेदभाव नहीं किया मुझे लड़के के समान शिक्षा ग्रहण करवाया और अन्य गतिविधियों में हमेशा प्रेरित किया।

> ■ मिरर सैलून ब्यूटी अकेडमी और आशीष इन्फोटेक ने किया आयोजन

मेरे पति डॉ अनिल कुमार सिंह, बेटी डॉ दर्शनी वाइफ ऑफ डॉ हितेश कुमार, बेटा ऐश्वर्य वाइफ सुनीता एवं छोटा बेटा डॉ रानिल विजय सिंह व मेरे परिवार के सदस्य हमेशा प्रेरित करते है, परिवार का हमेशा सहयोग रहा है। 2023 में मेरे द्वारा मुंबई में मिस एंड मिसेज ग्लोबल क्वीन मिस्टर रॉयल ग्लोबल किंग रॉयल ग्लोबल अचीवमेंट अवार्ड में मिसेज इंडियन नोबेल हार्ट क्वीन ऑल राउंडर, बेस्ट प्राचार्य के अवार्ड से नवाजा गया था परिवार के सदस्य एवं मेरी समस्त दोस्त बहुत खुश हुए व सबकी दुआ चाहती हूं।

---

## भरदा में आंगनबाड़ी के नवीन भवन का किया गया शुभारंभ



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भरदा में नवीन आंगनबाड़ी का शुभारंभ किया गया। बच्चों एवं महिलाओं को पोषण , शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा और बेहतर तरीके से मिल सकेगी इस अवसर पर ग्रामवासी में विशेष उत्साह देखने को मिला सभी ने इस विकास कार्य के लिए हर्ष व्यक्त किया एवं शासन -प्रशाशन का आभार जताया l यह भवन आने वाली पीढ़ियों के संपूर्ण विकास में मिल पत्थर साबित होगा l इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि जनपद सदस्य श्रीमति बेला यादव जी, पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, ग्राम पंचायत भरदा सरपंच सुनीता जयप्रकाश भारदीय, उपसरपंच देवनाथ देशमुख, पूर्व सरपंच जय प्रकाश भारदीय,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, इस नवीन आंगनबाड़ी का शुभारंभ में उपस्थित तथे। इस अवसर पर जनपद सदस्य बेला यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के प्रति अच्छा ध्यान देना खान पान अच्छा देना जिसमें छोटे छोटे बच्चों को प्रोटीन मिल सके वैसे वैसे बना कर खिलाना। गांव गांव में विकास कार्य तो बहुत होता है पर अब शिक्षा में ध्यान देना हैं। गांव का विकास सबका विकास होगा।

## कलेक्टर ने नशामुक्ति व पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर परिणामों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज जिला मुख्यालय बालोद के रेलवे क्रांसिग के पास स्थित एकीकृत नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण कर वहाँ के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में भर्ती हुए लोगों से बातचीत कर उन्हें नशा के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। श्रीमती मिश्रा ने नशापान को मनुष्य के अवनति का सबसे बड़ा कारण बताया।

उन्होंने कहा कि नशापान से ग्रसित रहने वाले लोगों का व्यक्तिगत जीवन बर्बाद होने के साथ-साथ उनके पारिवारिक कलह का कारण बनने के अलावा समाज में भी इसका गंभीर दुष्परिणाम भी सामने आता है। श्रीमती मिश्रा ने नशामुक्ति केंद्र में भर्ती लोगों को नशापान से दूर रहकर अपने एवं अपने परिवार के जीवन को सुखमय बनाने तथा राष्ट्र एवं समाज के विकास में अपने भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती ने नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती लोगों से भोजन, नाश्ता आदि के अलावा उनके लिए नशामुक्ति केन्द्र में मनोरंजन तथा इलाज आदि की सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। श्रीमती मिश्रा ने नशामुक्ति केन्द्र के प्रभारी से यहाँ भर्ती लोगों को नशापान से दूर रखने, उनकी समुचित इलाज तथा काउंसलिंग आदि नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मरीजों को प्रतिदिन कराए जाने वाले योगाभ्यास आदि के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने नशामुक्ति केन्द्र के भोजनालय एवं मनोरंजन कक्ष आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने भोजनालय कक्ष में पहुँचकर खाद्य सामग्री तथा मेन्यू आदि का अवलोकन कर निर्धारित मेन्यू के आधार पर गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इसके अंतर्गत उन्होंने कार्यालय परिसर में स्थित जिला निःशक्तजन पुनर्वास केन्द्र में कृत्रिम अंग निर्माण कक्ष, फीजियोथेरेपी कक्ष आदि का निरीक्षण कर वहाँ के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। श्रीमती मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कृत्रिम अंग निर्माण कक्ष में साफ-सफाई आदि की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा वहाँ निर्मित की जाने वाली सामग्रियों आदि को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कार्यालय परिसर में समुचित मात्रा में पौधरोपण कर इनकी देखभाल की पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

> ■ कलेक्टर ने नशामुक्ति व पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर परिणामों की दी जानकारी

## ग्राम पंचायत अंडा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 का शुभारंभ विधायक ललित चंद्राकर ने किया। जनपद सदस्य अजित चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उप सरपंच यशवंत बंजारे पूर्व जनपद सदस्य मनीष चंद्राकर पंचगण, गणमान्य नागरिक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। एक बच्चे का अन्नप्रासन किया गया। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि कार्यकर्ता, सहायिकाएं आंगनबाड़ी केंद्र में अनौपचारिक शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार भी दें। संस्कार हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है, आज के बच्चे कल के नागरिक हैं। इसलिए अभी से उन्हें अच्छे संस्कार केंद्र में दिए जाएं।

परियोजना अधिकारी श्रीमती उषा झा द्वारा योजना की जानकारी दी गई। पर्यवेक्षक श्रेखा लोनारे, श्रीमती कंचन गौतम, कार्यकर्ता उषा साहू, दीपिका चौहान, शकुंतला साहू, द्रोपदी तारक सहायिका जुलेखा बेगम, कुसमा ठाकुर, गिरजा जोशी, रीना यादव उपस्थित थीं।

**निकुंम में भी किया गया शुरू**

ग्राम पंचायत निकुम में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 का शुभारंभ किया गया। केंद्र का शुभारंभ जनपद सदस्य लीलावती देशमुख ने किया। इस दौरान पूर्व जिला जनपद सदस्य श्रीमाधव प्रसाद देशमुख पंच गण, पर्यवेक्षक रेखा लोनारे कार्यकर्ता श्रीमती भूतेश्वर यादव, ममता साहू, अंबिका लहरें, लक्ष्मी बेल चंदन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को प्रायवेट स्कूल से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र में भेजने से होने वाले लाभ के संबंध में बताया गया।

---

## कार्यशाला में मानसिक संतुलन बनाने की दी गई समझाइश



**गुण्डरदेही।** गायत्री परिवार गुण्डरदेही द्वारा साहू सदन गुण्डरदेही में आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यशाला के चौथे दिवस बच्चों को मानसिक संतुलन कैसे बनाए, परीक्षा के समय दिल दिमाक को संतुलित कैसे रखें, संस्कारों का महत्व स्वस्थ रहने के सुत्र हमारा दैनिक दिनचर्या कैसे हो ब्रहम्हचार्य साधना भाईयों एवं बहनों के लिए क्यो जरुरी है अपना रोल मॉडल किसे बनाए, क्यो बनाए, वर्तमान समय में परिवार निर्माण, समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण में हमारी भूमिका मनोबल उत्साह कैसे बनाएं रखे आदि अनेक विषयों में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिशित किया गया, जिसे बच्चों ने ध्यान से सुना एवं समझा। वही आज गुरुवार को पांचवे व अंतिम दिवस पर गंगा दशहरा गायत्री जयंती एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ अतिथियों का आगमन उद्बोधन बच्चों की कार्यक्रम के संबंध में अभिव्यक्ति सम्मान व बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण कर शिविर का समापन होगा।

## ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पटेल को सेवानिवृत्ति पद दी विदाई

**अंडा।** ग्राम विनायकपुर में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक लिखन लाल पटेल को सेवानिवृत होने पर कर्मचारियों द्वारा सम्मान कर विदाई दी गयी। श्री पटेल ने इस मौके पर अपने जीवन के अनुभव को साझा किया। बीएमओ निकुम डॉ. बंजारे ने कहा की हम एक परिवार की तरह है। जब किसी सदस्य की विदाई होती है तो सबको दुख होता है। ग्राम अंडा में आयोजित विदाई कार्यक्रम में डॉ. एन एल बंजारे, डॉ. ज्योति ध्रुव, रंगारी जी, अमरेश श्रीवास्तव,उषा देशमुख,ललिता वर्मा,रत्ना कुहीकर, मुकेश, भारती,दामिनी,मंजू रानी निकुम स्टॉफ एवं समस्त फील्ड के कर्मचारी तथा अन्य सेवानिवृत कर्मचारी भी शामिल हुए।




## युक्तियुक्तकरण से शिक्षकों में असंतोष स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पर भी संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राज्य में शिक्षा विभाग द्वारा लागू किए जा रहे युक्तियुक्तकरण ने शिक्षक समाज के बीच गहरी असंतुष्टि उत्पन्न कर दी है। शासन की मंशा भले ही स्कूलों में शिक्षक संतुलन स्थापित करने की हो, परन्तु इसकी क्रियान्वयन प्रक्रिया ने शिक्षकों एवं छात्रों दोनों को प्रभावित किया है। शिक्षकों के समुचित वितरण की इस नीति का उद्देश्य यह बताया जा रहा है कि जहां शिक्षक कम हैं, वहां अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि कई स्थानों पर इसका उपयोग कुछ अधिकारियों द्वारा अपने परिजनों को बचाने या मनचाही जगह पदस्थापित करने के लिए किया जा रहा है।विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने आरोप लगाया है कि जिला एवं ब्लॉक स्तर पर शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारी अपने स्वजन को लाभ पहुंचाने के लिए गलत आंकड़े प्रस्तुत कर रहे हैं। कई मामलों में रिश्तेदारों को अतिशेष घोषित कर युक्तियुक्तकरण से मुक्त किया जा रहा है, जबकि वास्तविक शिक्षक इस प्रक्रिया की भेंट चढ़ रहे हैं।



> ■ शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले शिक्षक आज स्वयं अस्थिरता के शिकार : कोसमा

### 2008 का सेटअप था बेहतर

श्री कोसमा का कहना है कि वर्ष 2008 में तैयार किया गया स्कूलों का सेटअप संतुलित एवं कारगर था। उस समय की व्यवस्था में शिक्षकों की संख्या और पदस्थापन का अनुपात उचित था। वर्तमान युक्तियुक्तकरण नीति न केवल शिक्षकों को मानसिक रूप से परेशान कर रही है, बल्कि स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है।

### शिक्षकों के आंदोलनों की अनदेखी

शिक्षकों द्वारा इस अन्याय के विरुद्ध लगातार आंदोलनों का सहारा लिया जा रहा है, लेकिन शासन अब तक मौन है। कोसमा ने मांग की है कि सरकार युक्तियुक्तकरण की वर्तमान प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। पुराने 2008 सेटअप के अनुरूप ही शिक्षकों की पदस्थापना की व्यवस्था बहाल करे।

## आचार्य श्री शर्मा के निर्वाण दिवस पर आज गायत्री यज्ञ

**डौंडीलोहारा।** गायत्री शक्तिपीठ डौंडी लोहारा में 5 जून को विकासखंड स्तरीय गायत्री जयंती ,गंगा दशहरा पर्व एवं परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य जी का निर्वाण दिवस साधना पूर्वक मनाया जाएगा। 4 जून को संध्या 6:30 बजे से 5 जून तक प्रातः 6:30 बजे तक गायत्री महामंत्र का अखंड जाप संपन्न होगा। 10:00 बजे से 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती पर्व पूजन होगा तथा सभी शिष्यगण परम पूज्य गुरुदेव को श्रद्धा पूरित पुष्पांजलि समर्पित करेंगे तथा विभिन्न संस्कार पुंसवन,मुंडन ,विद्यारंभ , दीक्षा संस्कार आदि निशुल्क संपन्न होंगे,आप सभी अपने इष्ट मित्रों एवं परिवार सहित गायत्री शक्तिपीठ में पधार कर आत्मनिर्माण ,परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण के गतिविधियों में भाग लेकर अपने-अपने हिस्से की राष्ट्र निर्माण और युग निर्माण का पुण्य लाभ प्राप्त कर ने की अपील ब्लॉक समन्वयक गायत्री परिवार डौंडीलोहारा भोलाराम साहू ने की है।

## प्रयास स्कूल की प्राक्चयन परीक्षा के परिणाम घोषित

**बालोद।** शिक्षण सत्र 2025–26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल 2025 को आयोजित की गई थी। जिसका परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए जिलेवार सूची विभागीय वेबसाईट एकलव्य डॉट सीजी डॉन इन पर अपलोड की गई है। इसके अलावा मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदक परीक्षा परिणाम में अपना नाम एवं रोल नंबर का मिलान कर सकते हैं। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक 10 जून 2025 तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि डाक के माध्यम से दावा–आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। अंतिम तिथि पश्चात दावा आपत्ति मान्य नही की जाएगी।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### पीएम पर अभद्र टिप्पणी भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

**बालोद।** कांग्रेस कार्यकर्ता ब्रिज मोहन सिंह द्वारा सोशल मीडिया मे देश के प्रधानमंत्री पर अभद्र भाषा का उपयोग कर अभद्र टिपड़ी के विरोध मे भारतीय जनता युवा मोर्चा बालोद द्वारा थाना बालोद में शीघ्र कड़ी कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन सौपा गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा बालोद ने कहा यह पोस्ट कांग्रेस नेता की मानसिकता को ना केवल दर्शाता बल्कि कांग्रेस द्वारा अपने नेताओं के मन मे घोलते जहर को भी दर्शाता है, ऐसी भाषा का उपयोग वो भी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के लिए करना बेहद ही शर्मनाक है और ये मानसिकता कांग्रेस पाटएँ के चाल चरित्र को दर्शाता है। ज्ञापन देने मे भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला के उपाध्यक्ष संजय साहू, बालोद युवा मोर्चा अध्यक्ष रौनक कत्याल, महामंत्री राहुल साहू, कमल बजाज, जय लुल्ला, जागेश्वर ढिमार, खम्मन साहू, जय माधवानी, बृजेश साहू एवं अन्य युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केशव साहू ने हरसाल लगाते हैं 8-10 पौधे



**गुण्डरदेही।** नगर के केशव राम साहू उम्र 58 वर्ष ने 2005 से सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ लगाने की शुरुआत की। जो आज बड़ा होकर छाव व फल दे रही है। पर्यावरण प्रेमी केशव साहू अभी तक गुण्डरदेही नगर के तहसील कार्यालय, उप पंजीयक कार्यालय, विकासखंड शिक्षा कार्यालय एवं बाजार स्थल जैसे सार्वजनिक स्थानों पर लगभग 400 छायादार पेड़ बरगद, पीपल, कदम, आम, बेल, गुलमोहर आदि के लगा चुके हैं, जो बड़े होकर छाया प्रदान कर रहे हैं। प्रतिवर्ष 8 –10 पेड़ लगाने का संकल्प है। स्वयं गमएँ के दिनों में प्रतिदिन पानी डालकर वृक्ष को जीवित रखते हैं एवं जाली से सुरक्षा देते हैं, प्रारंभ अवस्था में आम लोगों से जाली सहयोग में मांगे थे। केशव राम साहू के इस प्रयास का आम जनता काफी सराहना कर रहे हैं। धार्मिक तथा परोपकारी स्वभाव होने के दूसरो को खुशी देने के लिए यह कार्य प्रसन्नता पूर्वक करते हैं।

### तारम कालेज में आनलाइन प्रवेश आवेदन आज से

**गुरूर।** हेमचंद यादव विवि दुर्ग से संबद्ध महाविद्यालय स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में सत्र 2025–26 हेतु प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन की तारीख विश्वविद्यालय द्वारा 5 जून से 15 जून तक निर्धारित की गई है। प्रवेश के इच्छुक छात्र छात्राएं विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन के पहले छात्र छात्रओं को एबीसी आईडी बनाना अनिवार्य है। प्राप्त आवेदनों की मेरिट सूची तैयार कर नियमानुसार प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी महाविद्यालय के

# मानसून के आगमन के साथ जिले में सघन पौधारोपण अभियान चलाने का निर्देश

## कलेक्टर ने समय–सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में सघन पौधारोपण अभियान के अंतर्गत मानसून के आगमन के पश्चात सभी शासकीय कार्यालय परिसरों एवं आवश्यक स्थानों में अधिक पौधारोपण कर उनका समुचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा कार्यालय प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को अपने–अपने कार्यालय परिसरों एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर पौधरोपण हेतु स्थान चयनित कर इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने को कहा।



### पौधारोपण निर्धारित

बैठक में मिश्रा ने पौधारोपण अभियान को वर्तमान समय के अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य एवं सामयिक आवश्यकता बताते हुए सभी अधिकारियों को इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों से अपने–अपने विभागों के अंतर्गत पौधरोपण हेतु निर्धारित किए गए लक्ष्य के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए पौधों की कमी नही होने देनी चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर ने खाद्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले के पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक लेकर पेट्रोल पंप में बिना हेलमेट पहने अपने दुपहिया वाहनों में पेट्रोल भराने के लिए आने वाले लोगों को पेट्रोल नही देने के संबंध में दिशा–निर्देश हेतु निर्देशित किया। उन्होंने इस संबंध में सभी पेट्रोल पंपों में जानकारी भी प्रदर्शित कराने को कहा। बैठक में मिश्रा ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में उक्त सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मिश्रा ने जिले में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए जिले में सुशासन तिहार को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार के तीनों चरणों के दौरान जिले के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा पूरी निष्ठा, लगन एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। वह निश्चित रूप से काबिले–तारीफ है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए सभी शासकीय कार्यों एवं आयोजनों को सफलतापूर्वक संपादित कर बालोद जिले को सभी क्षेत्रें में अग्रणी बनाने हेतु महती भूमिका अदा करेंगे।

**सम्मान**

### जीवन को संवारने में संस्कार और शिक्षा का योगदान महत्वपूर्ण है

# सशिमं में 5वीं, 8वीं व 10वीं के टाप फाइव विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित कर 5 वी, 8वी एवं 10 वी में विद्यालय स्तर पर टाप फाइव विधार्थियो एवं उनके माता पिता का सम्मान भगवान राम की तैल चित्र भेंट कर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सेजस जामगांव आर प्राचार्य चेतना ठाकुर थी, अध्यक्षता विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने किया। विशेष अतिथि रिटायर्ड हेडमास्टर डॉ छगनलाल सोनवानी, समाज कल्याण विभाग अधिकारी आरके ठाकुर, मर्रा पूर्व सरपंच तुलाराम वर्मा एवं साहू समाज के तहसील उपाध्यक्ष डॉ गुलाब सिंह साहू थे। विद्यालय की ओर से निपानी सोसायटी अध्यक्ष बेनीराम साहू ने मोमेंटो भेंट कर मुख्य अतिथि प्राचार्य चेतना ठाकुर का स्वागत किए।

विधार्थियो एवं माता पिता का हुआ सम्मानः सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर ने विद्यालय स्तर पर कक्षा 10 वी, 8 वी, 5 वी के टाप फाइव विधार्थियो जिसमें 10 वी में झील चंद्राकर 94.33 प्रतिशत, माधवी 90.5 प्रतिशत, विनय 87.83 प्रतिशत, विभा प्रतिशत 85.6 प्रतिशत, साधना





80.5 प्रतिशत, 8वी में तान्या साहू, 91.83 प्रतिशत, उपासना साहू 86.5 प्रतिशत, तन्नू साहू 86 प्रतिशत, साहित्य पटेल 71.17 प्रतिशत, प्रभाकर 71 प्रतिशत एवं 5 वी पूवएँ बंजारे 77 प्रतिशत, नूतन ठाकुर 74.5 प्रतिशत, दीपांशु साहू 73.5 प्रतिशत, खुशांत पटेल 71 प्रतिशत और ख्याति निर्मलकर 70.5 प्रतिशत प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय माता पिता को गौरांवित किए।इन विधार्थियो एवं इनके माता पिता का हुआ सम्मान।

### इनकी विशेष उपस्थिति रही

इस अवसर पर सतवन बंजारे, खोजन बंजारे टेमरी, आशा ठाकुर, कुंती पटेल तवेरा, ओमिन गबदी, हेमलता साहू, रनचीराई वर्षा साहू, भरर ढालेश्वरी साहू, मनहरण पटेल, जामगांव आर मुरलीधर चंद्राकर, रामेश्वरी चंद्राकर, औरी वर्षा साहू, भरर उत्तरिका कुम्हली की विशेष उपस्थिति रही। संचालन प्राचार्य पीएल बारले आभार समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने किया।

### शिक्षा और संस्कार व्यक्ति को रोल मॉडल बनाती है

मुख्य अतिथि सेजस प्राचार्य चेतना ठाकुर ने कहा कि जीवन को संवारने में संस्कार महती भूमिका निभाती है शिक्षा और संस्कार जिस व्यक्ति के पास है वह व्यक्ति समाज का आदर्श बन जाता है रोल मॉडल बन जाता है। विद्याथएँ जीवन में अनुशासन का काफी महत्व होता है जो बच्चे अनुशासन में चलते है माता पिता गुरु की बातों पर ध्यान देते है उनका परिणाम उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत देते है। सरस्वती शिशु मंदिर में आज टॉप फाइव विद्याथएँ सम्मान पाने वाले बच्चों के माता पिता उपस्थित होकर गौरांवित हो रहे है। प्रत्येक बच्चों को ऐसे ही राह चुनना चाहिए जिसमें माता पिता गुरु गौरांवित हो सके। उन्होंने कहा कि जो बच्चे सम्मान पाने से इस साल चूक गए अगली बार अच्छी मेहनत करके अपनी माता पिता को गौरव सम्मान अवश्य दिलाए। नर्वस नहीं होवे मेहनत करे।

# बरसात से पूर्व गांवों में छप्पर की मरम्मत में जुटे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अमूमन छानी छवाई का यह नजारा मानसून के ठीक पहले आम बात थी परन्तु अब यह कम देखने को मिलता है कारण कि अब खपरैल वाले घर कम नजर आते हैं।परन्तु ग्रामो में आज भी यह देखने में मिल जाते हैं जिनके घर काफी पुराने व छानी वाले हैं।नगर में भी यह नजारा किसी किसी मुहल्ले में देखने मे आ जाता है क्योंकि पूर्वजों ने अपना मकान पुराने रीति रिवाज के अनुसार ही खपरैल युक्त छानी वाला घर बनाया था।पुरानी परंपरा को सहेजते हुए उनमें रहने वाले लोग अब भी साल दर साल मानसून के पहले छानी की रिपेयरिंग अवश्य ही कराते है।पर दिक्कत यह होती है कि अब खपरैल नही मिलते।लेंटर वाले घर होने के कारण खपरैल की डिमांड बंद हो गई लिहाजा खपरैल बनना ही बंद हो गया।खपरैल नही मिलने के कारण अब छानी के खाली जगहों पर टीन के शेड लगाकर उस खाली स्थान की पूर्ति की जाती है।बंदरो के आतंक के कारण इस वर्ष छानी वाले घरों को काफी नुकसान पहुंचा है।बहरहाल जिनके घर खपरैल वाले है उनके मानसून के पूर्व रिपेयरिंग के कार्य चल रहे हैं।पर ये तय है कि आधुनिक युग में पुराने युग के काफी चीजें खत्म हो गई है।आने वाले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार की आवास योजना के कारण छानी वाले घर भी खत्म हो जाएंगे।

छानी उलटाई की दर भी भारी भरकम बढ़ोतरी -छानी उल्टाई की मजदूरी में भी भारी बढ़ोतरी हो गई है, मजदूरी दर करीब 500/- रुपये हो गयी है, वैसे भी दिनभर धूप में रहकर काम भी करना पड़ता है।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में मनौद की शिक्षिका ने ग्रामीणों की रैली निकाली



**बालोद।** ग्राम पंचायत मनौद के प्राईमरी स्कूल मे पदस्थ शिक्षिका महेश्वरी यादव के युक्तियुक्तकरण का विरोध करते हुए ग्रामीणो ने ग्राम मे रैली निकाली व अधिकारियो को इस संबंध मे ज्ञापन भी सौपकर शिक्षिका को मनौद के स्कूल से अन्य स्कूल न भेजने की मांग की मांग की। ग्रामीणो ने कहा ग्राम पंचायत मनौद के प्राईमरी स्कूल मे पदस्थ शिक्षिका माहेश्वरी यादव को अतिशेष की श्रेणी मे डाल दिया गया है। जिसका युक्तियुक्तकरण कर अन्य शाला मे भेजा जा रहा है।

इस बात की जानकारी मिलने पर मनौद वासी नाराज है और शासन प्रशासन से उक्त शिक्षिका को मनौद मे ही पदस्थ रखना चाह रहे है और उनका युक्तियुक्तकरण न करने की मांग कर रहे है। इस मांग को लेकर खासतौर से महिलाओ ने पालको को जागरूक करने और समर्थन जुटाने के लिए गांव मे मंगलवार की रात को एक रैली भी निकाली तो इस मुद्दे को लेकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौपा गया। ग्रामीणो का कहना है कि महेश्वरी यादव शिक्षिका का युक्तियुक्तकरण न किया जाए। इसलिए शासन द्वारा प्राथमिक शाला मनौद से महे"वरी यादव शिक्षिका का युक्तियुक्तकरण न किये जाने की मांग ग्रामीणो द्वारा की गई है। इस दौरान खेमलता साहू, कलिंदी यादव, वंदना साहू, भगवती साहू, प्रतिभा, विद्या यादव, सरिता, लता, भुने"वरी, फूलबाई, जानकी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# मड़ियापार में दाई-बबा दिवस पर बुजुर्गों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

हमर बुजुर्ग हमर धरोहर के तहत दाई बबा दिवस स्वास्थ्य मेला का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिकोसा मे किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिकोसा के अंतर्गत ग्राम मड़ियापार में दाई–बबा दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठतम स्थानीय नागरिक के द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात पोता–पोतियों द्वारा गुलाल माला एवं बैच पहनाकर उनका सम्मान कर आशीर्वाद लिया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में बुजुर्गों के सम्मान और सहभागिता को बढ़ावा देना बुजुर्गों के स्वास्थ्य की समग्र जांच एवं परामर्श देना, पीढ़ियों के बीच संवाद एवं भावनात्मक जुड़ाव को सशक्त करना युवाओं को बुजुर्गों की देखभाल एवं सेवा के प्रति संवेदनशील बनाना।

स्वास्थ्य टीम सीएचओ भागवत साहू, आरएचओ कमलेश सिन्हा, आरएचओ साहू द्वारा नशामुक्ति के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया साथ ही ग्राम के सरपंच तिलेश्वरी बघेल और पूर्व सरपंच सरोज साहू के द्वारा बुजुर्गों के सम्मान में भाषण दिया गया। इस कार्यक्रम के बीच–बीच में खेलकुद जैसे कुसएँ दौड़, गुब्बारा फुलाना, जलेबी दौड़ और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम के सरपंच मितानीन संतोषी साहू, खेमिन साहू, आंगनबाड़ी कार्यक्रर्ता एवं ग्रामीणजनों का विशेष योगदान रहा।

# विश्व पर्यावरण दिवस आज मनाएंगे पौधारोपण के लिए अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



विश्व पर्यावरण दिवस प्रति वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। उसके एक दिन पहले पूर्व में लगे पौधो के सामने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक पालीथिन का पूर्ण रूप से बहिष्कार कर अंत करना है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के आवश्यकता पर जागरूकता लाने के लिए 22 मई से 5 जून तक अभियान चलाया जा रहा है। जिसका समापन विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को होगा।

इस अभियान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में सिंगल उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के जगरूकता हेतु चलाया जा रहा है। सिंगल-यूज प्लास्टिक वस्तुओं के प्रतिबंध एवं जब्ती तथा जब्त की गई सिंगल-यूज प्लास्टिक की मात्रा, तथा उसका प्रोसेस या निपटान किए गए कुल प्लास्टिक की कुल मात्रा । प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाईयों की स्थापना हेतु चिन्हित स्थलों की संख्या सहित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाईयों की स्थापना एवं क्रियाशीलता, जल निकायों (नदी, झील, तालाबों, झरना आदी) के निकट संवेदनशील कचरे की ढेर जमा स्थानों की सफाई का अभियान चला कर विश्व पर्यावरण दिवस को सार्थक बनाने अभियान चलाया जा रहा है। प्लास्टिक प्रदुषण के प्रति जागरूकता पैदा करना विश्व पर्यावरण दिवस का प्रमुख लक्ष्य है। डौंडीलोहारा विकास खंड में विशेष रूप से महिला समूह, स्वच्छाग्रही दीदियां, ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने उन्हे प्रशिक्षण देकर पर्यावरण संरक्षण का विशेष टिप्स दिया गया है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में स्वच्छाग्रही समूह की दीदियां बेहतरीन कार्य कर रही है। इस अभियान से जुड़े स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण ) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा विकास खंड के ग्रामों में भ्रमण कर सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन का दुष्परिणाम को ग्रामीणों को बताकर उनका बहिष्कार करने अभियान चला रहे हैं साथ ही स्वच्छाग्रही महिला समूह के माध्यम से पेड़ पौधा लगाकर उन्हें सुरक्षित रखने संदेश दे रहे हैं।

स्वच्छाग्रही महिला समूह के माध्यम से प्रतिवर्ष सिंगल यूज प्लास्टिक पालीथिन का बहिष्कार करने तथा पेड़ पौधा लगाकर हरियाली उत्पन्न करने में विशेष पहल कर रहे हैं। आइए आप भी एक पेड़ मां के नाम लगाइए और पर्यावरण संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभाईये।

### सीटू ने मनाया 56 वां स्थापना दिवस

**भिलाई।** हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन भिलाई द्वारा यूनियन का 56 वा स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया। यूनियन कार्यालय में झंडा फहराया एवं शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दी गई। शाम सेक्टर 7 कूर्मी भवन में सांगठनिक कार्यशाला हुई। संगठन के अंदर समन्वय, सदस्यता, बैठके, कर्मियों के बीच संपर्क, ट्रेड यूनियन शिक्षा एवं सीटू के सामने चुनौतियों तथा उसका निदान पर चर्चा हुई। सीटू नेताओं ने कमजोरी को दुरुस्त करने के उपायों को भी सुझाया । कहा कि सीटू हर मोर्चे पर खरा उतरा है और मजदूरों को संगठित कर रहा है। आगे बढ़ता रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**युवा एवं कर्मचारी संघ की सक्रियता से 320 पौधों का रोपण किया गया**

# विश्व पर्यावरण दिवस आज, ठेकवाडीह में पौधारोपण की तैयारी

हरिभूमिन्यूज ▶▶| गुरूर

5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे देश में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है जहां पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वृक्षारोपण किया जाता है जिससे कि भविष्य में पौधे वृक्ष बनकर पर्यावरण को अनुकूल बनाए रखें।

आपको बता दें कि विकासखंड के एक छोटे से ग्राम ठेकवाडीह में, कहते है न कि एक छात्र, एक शिक्षक, एक पुस्तक और एक कलम की महत्व अत्यधिक है। इसी बात को चरितार्थ करते हुए 8 वर्ष पूर्व इस गांव के शिक्षकों के मन मे जिज्ञासा हुई क्यों न इस गांव के बेहतर पर्यावरण और उज्ज्वल भविष्य हेतु गांव में वृक्षारोपण जैसा पुण्य कार्य किया जाय। और यहां से शुरू हुई एक नए कार्य की शुरुवात। यहां के कुछ शिक्षकों ने अपने अन्य सभी शिक्षक साथियों के साथ मिलकर 05 जून 2018 को विश्व पर्यावरण दिवस पर युवा एवं कर्मचारी संघ ठेकवाडीह नाम से संगठन तैयार किया। जिसमें गांव में रहने वाले युवा, किसान,



व्यापारी व सज्जन व्यक्तियों एवं अन्य सभी वर्ग के कर्मचारियो को जोड़ा। विगत आठ साल में युवा एवं कर्मचारी संघ ठेकवाडीह द्वारा लगभग 320 पौधों का रोपण करके उसे संरक्षण किया गया है और इस कार्य से आज प्रेरणा लेकर न केवल गांव के ही लोग अपितु आसपास के अन्य गांवों के लोग भी अपने गांव में वृक्षा रोपण जैसे महान कार्य कर रहे हैं। जो इस संगठन की सबसे बड़ी सफलता है। वृक्षा रोपण के साथ साथ युवा एवं कर्मचारी संघ ठेकवाडीह द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, मेघावी छात्रें का सम्मान, सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान, गरीब बच्चों को सहयोग एवं सम्मान तथा कैरियर गाइडेंस शिविर एवं स्वच्छता अभियान जैसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करके सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी वर्ष इस संगठन के माध्यम से अपने गांव में बच्चों के लिए गार्डन बनाने की योजना भी है जिसका कार्य प्रगति पर है। प्रतिवर्ष इस संगठन के सदस्यों के द्वारा इस पुण्य कार्य में सहयोग प्रदान करने हेतु अंशदान एवं समयदान दिया जाता है।

जिसके फलस्वरूप आज गांव में मौजूद लगभग 320 वृक्ष इस गांव की सुंदरता को और अधिक बढ़ा रहे है। इस तरह से हमर गांव सुघ्घर गांव की कल्पना साकार हो रहा है। शिक्षक जगत राम साहू उदय राम साहू, केशव राम साहू, जगमोहन साहू ने बताया कि विगत पिछले 8 वर्षों से हमारे कर्मचारी संगठन द्वारा गांव में वृक्षारोपण कर उनकी नियमित देखभाल की जा रही है जिससे कि लगाया गया पौधा आज वृक्ष बनकर तैयार हो गया है। जो आने वाले भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com


रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411